प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.12.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

## न्यायाधीश

प्रदेश उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी.एस.सन्धवालिया को आज शपथ दिलवाई जाएगी। शिमला स्थित राजभवन में होने वाले एक सादे समारोह में आज साढ़े 11 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उन्हें पद व गोपनियता की शपथ दिलाएंगे।

## जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कुल्लू ज़िले में प्रस्तावित जलोड़ी जोत सुरंग के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और केन्द्र सरकार ने इसके निर्माण को मंजूरी देकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि जलोड़ी जोत सुरंग के बनने से बंजार और आनी क्षेत्र वर्ष भर आपस में जुड़े रहेंगे और इलाके के लाखों लोग इससे लाभान्वित होंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस सुरंग की लम्बाई लगभग 4 किलोमीटर होगी और इस पर एक हज़ार करोड़ रूपए की धनराशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश का विशेष ध्यान रख रही है और सरकार ने मण्डी व कुल्लू ज़िले को जोड़ने वाली भुभू जोत सुरंग के निर्माण को भी मंजूरी दी है। जयराम ठाकुर ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते 319 सडक़ें पूरी तरह से बंद पड़ी हैं। प्रदेश का जनजातीय क्षेत्र लाहौल स्पीति शेष क्षेत्रों से पूरी तरह से कट गया है जिसे जोडऩे वाला नेशनल हाइवे भी बंद पड़ा है। राज्य में चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, मंडी, शिमला, सिरमौर व ऊना जिला में कई सडक़ें अवरूद्ध बताई जा रही हैं। लोक निर्माण विभाग सडक़ों को खोलने व आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंबा में बर्फबारी के चलते 11 सडक़ें बंद चल रही हैं। जिले में 142 बिजली ट्रांसफार्मर बंद है जबकि 5 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। कांगड़ा में 6 सड़कें तथा किन्नौर में एक नेशनल हाइवे सहित 88 सडक़ें बंद चल रही है। लाहौल–स्पीति में 2 नेशनल हाइवे के साथ 151 संपर्क मार्ग अवरूद्ध हैं। मंडी में 11, शिमला में 26, सिरमौर में 2 और ऊना में 3 सडक़ें बाधित हैं। बर्फबारी होने के

चलते ऊपरी शिमला को जोडने वाला नेशनल हाइवे 05 अभी भी यातायात के लिए बंद चल रहा है। भारी संख्या में सडकों के बंद होने से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से............**

आज सभी समाचार पत्रों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के पंचतत्व में विलिन होने संबंधी ख़बर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**अनंत यात्रा पर मनमोहन।** पंजाब केसरी व आपका फैसला के एक जैसे शब्द हैं–**मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलिन, बेटी ने दी मुखाग्नि।**

मौसम से जुड़ी ख़बर पर दिव्य हिमाचल लिखता है–**हिमाचल तर–बतर–तीन महीने का ड्राई स्पैल खत्म, कड़ाके की ठंड ने जकड़ा प्रदेश।** हिमाचल दस्तक के अनुसार–**प्रदेश में हिमपात–बारिश का क्रम जारी किसानों–बागवानों को राहत, ठंड भारी।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**हिमपात–वर्षा से कृषि और बागवानी को संजीवनी।** जबकि दैनिक भास्कर के मुताबिक–**बारिश का दिसम्बर कोटा पूरा।**

दैनिक सवेरा टाइम्स का कहना है–**ऊना में 20 करोड़ की लागत से बनेगा आलू प्रसंस्करण संयंत्र।**

---